
# Maharana Pratap Government P.G. College, Chittorgarh
















## Criterion :- 7.3.1


Portray the performance of the Institution in one area distinctive to its priority and thrust

principalmppg@gmail.com

Pratap Nagar, Chittorgarh, Rajasthan 312001

7.3.1

Portray the performance of the Institution in one area distinctive to its priority and thrust .








**Basant Mahotsav and donation of 101 motivational Books**

Date:05 February 2022



बसंत पंचमी कार्यक्रम में मिली 101 मोटिवेशनल पुस्तकों की सौगात

# अच्छी पहल: युवा पीढ़ी ज्ञान अर्जन के साथ जीवन में सफलता के लिए पुस्तकों से जुड़ें

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

## पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना ने मनाया बसंत महोत्सव

चित्तौड़गढ़ में पीजी कॉलेज में बुक बैंक की स्थापना की।

चित्तौड़गढ़. महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर बसंत महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक पहल सामुदायिक बुक बैंक को नवीन विस्तार प्रदान करते हुए 101 पुस्तकों की सौगात प्राप्त हुई है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गौतम कुमार कूकड़ा ने बताया कि ये पुस्तकें महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ ए एल जैन ने दी। यूथ बुक कॉर्नर के रूप में सामुदायिक बुक बैंक को प्रदान की गई है, जो कि महाविद्यालय में नवसृजित इनक्यूबेशन सेंटर में स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें डिजिटल युग में भी पुस्तकें पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ ए एल जैन ने बताया कि पुस्तकें ही मनुष्य की सच्ची मित्र होती हैं। आजकल डिजिटल युग का दायरा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है, ऐसे में पुस्तकों के प्रति पाठकों की विशेषकर विद्यार्थी वर्ग में अरुचि उत्पन्न हो रही है, यह एक कटु सत्य है। डॉ जैन ने पुस्तकों की तुलना गुरु से करते हुए कहा कि पुस्तकें हमें प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने विभिन्न जीवंत उदाहरणों के द्वारा प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि मोटिवेशनल पुस्तकों से विद्यार्थियों के बहुआयामी व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में लाभ मिलेगा। पुस्तकों में वर्तमान समय में सफल उद्यमियों, राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों की ओर से लिखी गई आत्म कथाएं, स्वास्थ्य, योग, चिकित्सा, मनोविज्ञान, अध्यात्म, जीवन दर्शन जैसी पुस्तकें शामिल हैं।

### विद्यार्थियों को यह होगा फायदा

सामुदायिक बुक बैंक में पूर्व में प्रतियोगी परीक्षाओं की 40,000 की पुस्तकें पिंक कॉर्नर के रूप में प्रदान की गई हैं। अब इस प्रकार की मोटिवेशनल पुस्तकें पढ़ने से विद्यार्थी समूह चर्चा, साक्षात्कार, सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप डेवलपमेंट, बॉडी लैंग्वेज, स्वास्थ्य और योग पोषण एवं अध्यात्म चिंतन जैसे विषय की भी तैयारी महाविद्यालय में रहकर पुस्तकों की सहायता से कर सकते हैं।

### राग वंदन कर मनाया बसंत उत्सव

कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरुण चौधरी ने बताया कि बसंत महोत्सव के तहत प्रवीण देशबंधु, दक्षिता वीरवाल, प्रियंका वैष्णव, [illegible], भावना, आरती ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से मां शारदे का वंदन किया। प्रवीण देशबंधु एवं दक्षिता वीरवाल ने शास्त्रीय राग द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय उपस्थित रहे।



सीधा सवाल चित्तौड़गढ़

# जिलेभर में उत्साह से मनाया बसंतोत्सव

## अच्छी पहल: बसंत पंचमी कार्यक्रम में मिली एक सौ एक मोटिवेशनल पुस्तकों की सौगात



चित्तौड़गढ़

बसंत पंचमी • पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना ने मनाया बसंत महोत्सव

# बसंत पंचमी पर मिली 101 मोटिवेशनल पुस्तकों की सौगात

**News Reporting of the Programme**

# कॉलेज में हर्बल वाटिका स्थापित, 101 फलदार पौधे रोपे



चित्तौड़गढ़, 17 सितम्बर (कासं.)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय में पिछले एक सप्ताह में राजस्व विभाग एवं वन विभाग द्वारा स्थापित हर्बल वाटिका में महात्मा गांधी दर्शन समिति ने समाजसेवी ललित खंडेलवाल एवं भानु खंडेलवाल श्री इंडस्ट्रियल कंपनी द्वारा उपलब्ध करवाये गये 101 फलदार उच्च गुणवत्ता वाले पौधे जिला कलक्टर ताराचंद मीणा के मुख्य आतिथ्य में लगाए गए।

प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा ने बताया कि वाटिका में अमरूद, अनार, मोसंबी, जामुन, आम, नींबू के 101 वृक्ष लगाए गए हैं। इन वृक्षों में 1 से 3 वर्ष में फल आने लगेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कूकड़ा एवं जिला कलक्टर द्वारा समाजसेवी ललित खंडेलवाल एवं भानु खंडेलवाल का उपरना पहनाकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष महाविद्यालय में चार वाटिका लगाए जाने का प्रस्ताव है, जिसमें से तीन वाटिकाएं लगाई जा चुकी हैं। महाविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में योगदान के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट एवं स्काउट के स्वयंसेवक लगातार इस दिशा में कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर भानु खंडेलवाल, विवेक गुप्ता, पार्षद मनोज भोजवानी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता मोहन श्याम यादव, महाविद्यालय के डॉ. अरुण चौधरी, डॉ. निर्मल देसाई, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. बीएल कोली, डॉ. मुकेश आहूजा, डॉ. दीपक पंचोली, छात्र -छात्राओं सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# फलदार पौधों की वाटिका लगाई, एक से तीन वर्ष में आने लगेंगे फल



सीधा सवाल । चित्तौड़गढ़। जिला कलेक्टर द्वारा एक सप्ताह में तीसरी वाटिका की महाविद्यालय में स्थापना की गई। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा ने बताया कि महाविद्यालय में पिछले एक सप्ताह में राजस्व विभाग एवं वन विभाग चित्तौड़गढ़ द्वारा हर्बल वाटिका, महात्मा गांधी दर्शन समिति द्वारा गांधी वाटिका के उपरांत समाजसेवी ललित खंडेलवाल एवं भानु खंडेलवाल इंडस्ट्रियल कंपनी चित्तौड़गढ़ द्वारा 101 फलदार उच्च गुणवत्ता वाले ग्राफ्ट पौधे जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा के मुख्य आतिथ्य में महाविद्यालय परिसर में लगाए गए हैं। फलदार पौधों में अमरूद, अनार, मोसंबी जामुन, आम, नींबू के 101 वृक्ष लगाए गए हैं। इनमें 1 से 3 वर्ष में फल आने लगेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कूकड़ा एवं जिला कलेक्टर द्वारा समाजसेवी ललित खंडेलवाल एवं भानु खंडेलवाल का उपरना पहनाकर अभिनंदन किया गया। शीघ्र ही इस क्षेत्र को जालीदार फेंसिंग द्वारा सुरक्षित कर दिया जावेगा। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष महाविद्यालय में चार वाटिका लगाए जाने का प्रस्ताव है। जिसमें से तीन वाटिका लगाई जा चुकी हैं। महाविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में योगदान के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट एवं स्काउट के स्वयंसेवक लगातार इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर भानु खंडेलवाल, विवेक गुप्ता, पार्षद मनोज भोजवानी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता मोहन श्याम जादौन, महाविद्यालय के डॉ. अरुण चौधरी, डॉ. निर्मल देसाई, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. बी एल कोली, डॉ. मुकेश आहूजा, डॉ. दीपक पंचोली छात्र -छात्राएं मौजूद थे।

# फलदार 101 पौधे लगाए कॉलेज में

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़

महाराणा प्रताप राजकीय कॉलेज में फलदार 101 पौधे शनिवार को लगाए। कलेक्टर ताराचंद मीणा मुख्य अतिथि थे।

प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कूकड़ा ने बताया कि इन पर एक से तीन वर्ष में फल आने लगेंगे। कलेक्टर ने समाजसेवी ललित खंडेलवाल एवं भानु खंडेलवाल का उपरना पहनाकर अभिनंदन किया। समन्वयक डॉ. नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष परिसर में चार वाटिकाएं लगाने का लक्ष्य है। तीन वाटिकाएं लगाई जा चुकी हैं। विवेक गुप्ता, पार्षद मनोज भोजवानी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता मोहनश्याम जादोन, डॉ. अरुण चौधरी, डॉ. निर्मल देसाई, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. बीएल कोली, डॉ. मुकेश आहूजा, डॉ.दीपक पंचोली उपस्थित थे।

**Plantation Drive in the Institution**

## स्वयंसेवकों को दिया प्रशि



**सीधा सवाल। चित्तौड़गढ़।** महाराणा प्रताप राजकीय महा चित्तौड़गढ़ में उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के तहत एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गौत कुकड़ा ने बताया कि इस योजना हेतु प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर सहायक एवं राष्ट्रीय सेवा कार्यक्रम अधिकारी डॉ नरेंद्र गुप्ता को बनाया गय योजना आईआईटी दिल्ली एवं महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय उ साथ स्थानीय महाविद्यालय के समन्वय से संचालित की जाएगी कोऑर्डिनेटर डॉक्टर नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस प्रोग्राम हेतु जिले के का चयन किया है। जिसके अंतर्गत सतपुड़ा, सहनवा, घोसुंडा, ब कश्मोर गांव चयनित किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले लिए यह वर्कशॉप महाविद्यालय में आयोजित की गई । वर्कशॉप में वि को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय संसाधनों की जानकारी प्राप्त करना रिपोर्ट तैयार करना बताया गया। भविष्य में इस सर्वे रिपोर्ट के आधार गांवों के लिए प्लान बनाया जाएगा। जिसे आईआईटी दिल्ली को प्रेषि जाएगा। साथ ही स्थानीय गांव में संचालित उच्च माध्यमिक विद्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भी योजना में शामिल करते हुए अन्य एवं जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

ानवेन्द्रसिंह चौहान द्वारा माँ आशापुरा प्रेस, शिव कॉलोनी कासोद

दैनिक भास्कर

कार्यक्रम • भारत अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने पांच गांवों में सर्वेक्षण किया

## स्वयंसेवकों ने गांवों में ली संसाधनों की जानकारी

चित्तौड़गढ़ | महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में आईआईटी दिल्ली के सहयोग से संचालित उन्नत भारत अभियान योजना के तहत स्वयंसेवकों ने उन्नत भारत कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नरेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में जिले के पांच गांवों का भ्रमण कर सर्वेक्षण किया। प्राचार्य डॉ. गौतमकुमार कुकड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों ने कश्मोर, घोसुंडा, बोजुंदा, सेगवा एवं सतपुड़ा में सर्वेक्षण किया। इसके तहत नागरिकों से गांव के संसाधनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर समस्याओं को जाना। विद्यार्थियों ने गांव में संचालित विद्यालय, कृषि केंद्र, आंगनबाड़ी, बिजली घर, बैंक, एटीएम, अस्पताल, पंचायत भवन, खेल सुविधा शौचालय का अवलोकन किया। क्षेत्र की सड़कों की जानकारी, आवागमन के साधनों, जिला मुख्यालय से जुड़ाव, सार्वजनिक स्थानों जैसे पंचायत ऑफिस, डिस्पेंसरी, सामुदायिक भवन, धर्मशाला के बारे में सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण में प्राप्त जानकारी के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। जल संग्रह जल क्षेत्र संरक्षण तथा स्वच्छता संबंधी संदेश भी दिए। उन्नत भारत अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।



चित्तौड़गढ़. गांवों में जागरूकता कार्यक्रम के जरिये ग्रामीणों से जानकारी लेते हुए स्वयंसेवक।

## स्वयंसेवकों को दिया उन्नत भारत अभियान प्रशिक्षण

**नवज्योति,चित्तौड़गढ़।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गौतम कुमार कुकड़ा ने बताया कि कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर सहायक आचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नरेंद्र गुप्ता को नियुक्त गया है। यह योजना आईआईटी दिल्ली एवं महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय उदयपुर के साथ स्थानीय महाविद्यालय के समन्वय से संचालित की जाएगी।

कोऑर्डिनेटर गुप्ता के अनुसार, जिले के 5 गांवों का चयन किया है, जिसके अंतर्गत सतपुड़ा, सहनवा, घोसुंडा, बोरुंदा एवं कश्मोर गांव चयनित किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले सर्वे के लिए यह वर्कशॉप महाविद्यालय में आयोजित की गई । वर्कशॉप में विद्यार्थियों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय संसाधनों की जानकारी प्राप्त करना तथा सर्वे रिपोर्ट तैयार करना बताया गया।

सर्वे रिपोर्ट के आधार पर पांच गांवों के लिए प्लान बनाया जाएगा, जिसे आईआईटी दिल्ली को प्रेषित किया जाएगा, साथ ही स्थानीय गांव में संचालित उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भी योजना में शामिल करते हुए अन्य कार्यक्रमों एवं जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा।